# भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई
(फोन: 022-2282 0427; फैक्स: 022-2282 0411; ईमेल: crpd@sbi.co.in)

## भारतीय स्टेट बैंक में विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती
## विज्ञापन संख्या: CRPD/SCO-Law/2019-20/21
## आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 23.01.2020 से 12.02.2020 तक

**[ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तारीख: 08.03.2020; ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करने की संभावित तारीख: 21.02.2020 से]**

भारतीय स्टेट बैंक उप प्रबंधक (विधि) के पद पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें।

1. पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन तरीके से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि को या उससे पहले कर दिया गया हो।
2. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले, वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को उक्त पद के लिए दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं।
3. **अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे अपेक्षित सभी प्रलेख अपलोड करें (संक्षिप्त जीवन वृत्त, आईडी प्रमाण, आयु प्रमाण, शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि)। ऐसा नहीं करने पर उन्हें योग्य अभ्यर्थियों की सूची में शामिल करने/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा।**
4. किसी अभ्यर्थी की उम्मीदवारी अनंतिम होगी और अभ्यर्थी के साक्षात्कार (यदि बुलाया जाता है) के लिए रिपोर्ट करने पर मूल दस्तावेजों के साथ सभी विवरणों / दस्तावेजों के संतोषजनक सत्यापन के अधीन होगी।
5. यदि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है (आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि) तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी।
6. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे बैंक की वेबसाइट को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें। (साक्षात्कार/अंतिम चयन के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची सहित)। आवश्यक होने पर कोई भी पत्र केवल ई-मेल द्वारा भेजा जाएगा. (कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी)।
7. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई) बैंक की उपर्युक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किये जायेंगे।**
8. यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक प्राप्त होते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे अभ्यर्थियों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा।
9. कृपया इस कार्यालय को कागजी आवेदन और अन्य प्रलेखों की प्रतियां न भेजें।

### क. पद स्वरूप/ग्रेड/रिक्त पद/आयु/चयन प्रक्रिया/परिवीक्षा अवधि:

| पद | ग्रेड | रिक्त-पद | | | | | | | | | | आयु (31.10.2019 को) | | चयन प्रक्रिया | परिवीक्षा अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | ईडब्ल्यूएस$ | कुल | एलडी | एचआई | वीआई | डी और ई | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| उप प्रबंधक (विधि) | एमएमजीएस-II | 20 | 12 | 06 | 03 | 04 | 45 | 01 | 01 | -- | -- | 25 वर्ष | 35 वर्ष (न्यूनतम 8@ वर्ष के अनुभव के साथ 42 वर्ष) | लिखित परीक्षा और साक्षात्कार# | बैंक में कार्य ग्रहण की तारीख से 2 वर्ष तक |

@ - किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के साथ नियमित या संविदा के आधार पर विधि अधिकारी के रूप में न्यूनतम 8 वर्ष का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु 42 वर्ष होगी।

# - चयन के लिए उम्मीदकार को न्यूनतम पात्रता अंक से अधिक अंक प्राप्त करना होगा. साक्षात्कार में न्यूनतम पात्रता अंक नहीं प्राप्त कर पाने वाले उम्मीदवारों का चयन नहीं किया जाएगा, भले ही उनका कुल अंक (लिखित+साक्षात्कार) अंतिम चयनित उम्मीदवार के कुल अंकों से अधिक हो।

$ - भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए आरक्षण, भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेशन मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन क्र. 36039/1/2019-Estt (Res) दिनांक 31.01.2019 के अधीन होगा।

***अस्वीकरण:*** *आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की रिक्तयाँ अनंतिम हैं और भारत सरकार के अगले आदेश के मुताबिक और किसी तरह के मुकदमे के परिणाम के तहत होगा. नियुक्ति अनंतिम है और ''आय और संपत्ति प्रमाण पत्र'' के उचित माध्यम से जाँच पर निर्भर है।*

**संक्षिप्ताक्षर:** MMGS-II- मिडल मैनेजमेंट ग्रेड स्केल-II, Gen- सामान्य; OBC- अन्य पिछड़ा वर्ग; SC- अनुसूचित जाति; ST- अनुसूचित जनजाति; EWS- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; PWD- अशक्त व्यक्ति; LD- अस्थि कमजोर व्यक्ति; HI- श्रवण बाधित, VI- दृष्टि बाधित, d&e- आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 की धारा 34(I) की श्रेणी डी एवं ई।

**नोट:**

i. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त-पदों सहित रिक्त-पदों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है।
ii. पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है. उम्मीदवार के पास ऊपर निर्दिष्ट कट ऑफ तारीख के अनुसार योग्यता और योग्यता पश्चात सम्बद्ध पूर्णकालिक अनुभव होना चाहिए।
iii. अजा/अजजा अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण-पत्र जमा करना होगा।
iv. ओबीसी श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थी जो 'क्रीमी लेयर' से आते हैं, वे ओबीसी आरक्षण एवं आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होंगे। उन्हें अपनी श्रेणी 'सामान्य' या सामान्य (एलडी/एचआई/वीआई) के रूप में दर्शाना चाहिए।
v. ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण चाहने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप पर इस आशय की घोषणा प्रस्तुत करना होगा कि वे 31.03.2019 को क्रीमी लेयर में नहीं आते है। साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा 01.04.2019 से साक्षात्कार की अवधि तक जारी किए गए ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें 'नॉन क्रीमी लेयर' वाक्य हो।
vi. पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थी को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार एक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए।
vii. अशक्त (एलडी/एचआई/वीआई) अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण समांतर है और सम्पूर्ण रिक्त-पदों (की संख्या) के अंदर है।
viii. ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' के प्रस्तुतीकरण पर उठाया जा सकता है।
ix. अधिकतम आयु सामान्य/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए दर्शाई गई है. ऊपरी आयु सीमा में छूट नीचे बताए अनुसार मिलेगी.

| अ.क्र. | श्रेणी | | आयु में छूट |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | | 5 वर्ष |
| 2. | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | | 3 वर्ष |
| 3. | शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) | (अजा/अजजा) | 15 वर्ष |
| | | (पीडब्ल्यूडी) (अ.पि.व.) | 13 वर्ष |
| | | (पीडब्ल्यूडी) (सामान्य/ईडब्ल्यूएस) | 10 वर्ष |
| 4. | आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों (ईसीओ)/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों (एसएससीओ) सहित भूतपूर्व सैनिक व शर्ते आवेदनकर्ता ने सैन्य सेवा में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किए गए हैं (इनमें वे भी 5 वर्ष शामिल हैं जिनका कार्यकाल आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि से एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु उनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों. | | 5 वर्ष |

### ख. शैक्षणिक योग्यता/अनुभव:

| शैक्षणिक योग्यता (31.10.2019 को) | योग्यता पश्चात अनुभव (31.12.2019 को) | तैनाती का संभावित स्थान |
|---|---|---|
| भारत में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विधि (लॉ) में 3 वर्ष या 5 वर्ष की डिग्री. | बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में नामांकित और वकालत करने वाले अधिवक्ता के रूप में **या** अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कानूनी विभाग में विधि अधिकारी के रूप में 4 वर्ष का अनुभव रखने वाले **या** अधिवक्ता के रूप में वकालत करने वाले और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कानूनी विभाग में विधि अधिकारी के रूप में 4 वर्ष का संयुक्त अनुभव. **उपरोक्त अनुभव बार कौंसिल में अधिवक्ता के रूप में नामांकन के बाद का होना चाहिए.** | **भारत में कहीं भी** |

### ग. कार्य रूपरेखा तथा मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआरए):

**कार्य रूपरेखा:**

1. विभिन्न कानूनी मुद्दों पर राय देना, करारों, संविदाओं, विलेखों या दस्तावेजो की ड्राफ्टिंग, जाँच और परक्रामित करना।
2. संविदाओं, परक्रामणों, सौदों, परियोजनाओं आदि की कानूनी जोखिमों को समझने और उन्हें न्यूनतम करने में तथा जहाँ कहीं आवश्यक हो, न्यायिक/अर्ध-न्यायिक मंच सहित वादों के संचालन में परिचालन अधिकारियों की सहायता करना।
3. नवीनतम कानूनी घटनाओं की जानकारी रखना और जहाँ कहीं आवश्यक हो, संगठन के शीर्ष प्रबंधन को उनके बारे में जानकारी देना।
4. कानूनी पहलू वाले मुद्दों सहित अन्य मुद्दो पर सांविधिक प्राधिकारियों/विनियामक प्राधिकारियों/स्वयं-शासन वाले निकायों के साथ समन्वय करना।
5. जहाँ कहीं आवश्यक हो, एडवोकेटों और अन्य व्यावसायिकों को अनुदेश देना और उनके साथ समन्वय करना।
6. संपत्ति और उससे संबंधित मामले में हक-विलेखों की जांच करना। यादि विधि अधिकारी को होम लोन के लिए चयनित विशेष इकाइयों में पदस्थ किया जाता है।
7. अन्य दूसरे कार्य/जिम्मेवारी, जो समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपी जा सकती है।

**केआरए:**

1. न्यायालय/डीआरटी और अन्य प्राधिकारियों के समक्ष 100% उपस्थिति सुनिश्चित करना।
2. कानूनी कार्यवाहियों के मामले में फॉलो-अप और कानूनी मामलों की समीक्षा और रूकी हुई कानूनी कार्यवाहियों में समय पर हस्तक्षेप करना।
3. अंतिम सुनवाई में अधिवक्ताओं की सहायता करना। महत्वपूर्ण मामलों में अदालतों/श्रम आयोग के समक्ष तर्क और सक्षम प्राधिकारी को मासिक अद्यतन साझा करना।
4. कानूनी वाद के डेटा बेस का रखरखाव।
5. टीआईआर/ऋण दस्तावेजों/हक विलेखों के सत्यापन आदि के लिए त्वरित कानूनी सलाह देना और उनकी जांच करना।
6. सूची में शामिल किए गए वकीलों के कार्य संपादन की समीक्षा करना।
7. बैंक के उपयुक्त अधिकारी के साथ लोक अदालत में प्रतिनिधित्व करना।
8. विभिन्न विभागों द्वारा भेजे गए विलेखों, समझौतों, दस्तावेजों, समझौता ज्ञापनों की वेटिंग और कानूनी दस्तावेज तैयार करना जहां मानक प्रारूप मौजूद नहीं हैं।
9. बैंक से संबंधित कानूनी मामलों में सरकारी विनियामकों, आईबीए, न्यायिक/अर्ध-न्यायिक अधिकारियों के साथ समन्वय और ऐसे प्राधिकारियों की बैठकों में भाग लेना।
10. बैंक के एडवोकेटों और सर्वोच्च न्यायालय/उच्च न्यायालय के मामलों को संभालने वाले एडवोकेटों के साथ समन्वय और महत्वपूर्ण अदालती सुनवाई में भाग लेना।
11. न्यायालयों/न्यायाधिकरणों के समक्ष मामलों में जहां बैंक/उधारकर्ता एक पक्षकार है, एसएआरजी शाखाओं/विभागों/कर्मचारियों को अभिमत देना और उनका मार्गदर्शन करना।
12. अन्य दूसरे कार्य/जिम्मेवारी, जो समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपी जा सकती है।

### घ. चयन प्रक्रिया:

उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों के आधार पर किया जाएगा। **यह परीक्षा अस्थायी रूप से 08.03.2020 को आयोजित की जाएगी।** परीक्षा का कॉल लेटर बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और उम्मीदवारों को एसएमएस/ई-मेल के माध्यम से भी सूचित किया जाएगा।

उम्मीदवार को उस केन्द्र का चयन करना चाहिए जहां वह परीक्षा देना चाहता/चाहती है। चयनित परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन करने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। **तथापि, बैंक किसी भी केंद्र को जोड़ने या हटाने और उम्मीदवार द्वारा चुने गए केंद्र से भिन्न कोई अन्य केंद्र आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

i. परीक्षा का पैटर्न

| परीक्षाएं | प्रश्नों की संख्या | समय | अधिकतम मार्क्स |
|---|---|---|---|
| तर्कबुद्धि | 70 | 90 मिनट | 70 |
| अंग्रेजी भाषा | 50 | | 50 |
| व्यावसायिक ज्ञान | 50 | 45 मिनट | 100 |

ii. प्रश्न द्विभाषी, अर्थात, हिन्दी और अंग्रेजी में होंगे। उम्मीदवारों के पास हिन्दी या अंग्रेजी में प्रश्नों का उत्तर देने का विकल्प होगा (अंग्रेजी भाषा की परीक्षा को छोड़कर)।

iii. व्यावसायिक ज्ञान (पीके) को छोड़कर, अन्य प्रश्न-पत्र अर्हक प्रकृति के होंगे। उम्मीदवारों को इन प्रश्न-पत्रों में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करना होगा. न्यूनतम अर्हक अंक बैंक द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।

iv. साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्टिंग के लिए विचार किए जाने के लिए उम्मीदवारों को व्यावसायिक ज्ञान की परीक्षा में कट-ऑफ अंक के बराबर या उससे अधिक अंक (जो बैंक द्वारा निश्चित किया जाएगा) प्राप्त करने होंगे। परीक्षा में योग्य पाए गए उम्मीदवारों की मेरिट सूची केवल व्यावसायिक ज्ञान **(PK)** की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगी।

v. **साक्षात्कार:** बैंक द्वारा यथा निर्धारित पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार के लिए अधिकतम अंक 50 होंगे। साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हक अंक (बैंक द्वारा निर्धारित किया जानेवाला) के बराबर या अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार ही चयन के पात्र होंगे।

vi. **योग्यता सूची (मेरिट लिस्ट):** उम्मीदवारों के व्यावसायिक ज्ञान परीक्षा के अंक (100 में प्राप्त अंक) और साक्षात्कार के अंक (50 से 25 में रूपांतरित अंक) को जोड़ कर (कुल 125 अंक) कुल अंको के अवरोही क्रम में वर्गवार मेरिट तैयार की जायेगी। एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), एसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी रैंक, उनकी आयु के अवरोही क्रम में प्रदान की जायेगी। अंतिम चयन उक्त वर्गवार मेरिट लिस्ट में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से किया जायेगा।

vii. **परीक्षा केंद्र की सूची:** अहमदाबाद, बेंगलुरू, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, देहरादून, एर्नाकुलम, गुवाहाटी, हैदराबाद/सिकंदराबाद, जयपुर, जम्मू, कोलकाता/ग्रेटर कोलकाता, लखनऊ, मदुराई, मुंबई/ग्रेटर मुंबई/ठाणे/नवी मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली/ दिल्ली एनसीआर, पटना, पुणे, रायपुर, रांची, श्रीनगर, तिरुवनंतपुरम, वडोदरा, वाराणसी, विशाखापट्नम

**ङ. पारिश्रमिक: सीटीसी/वेतनमान (₹):** 31705-1145/1-32850-1310/10-45950. अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार डीए, एचआरए, सीसीए, पीएफ, अंशदायी पेंशन निधि, एलएफसी, मेडिकल सुविधा आदि के लिए पात्र होंगे।

**च. कॉल लेटर्स डाउनलोड कर:**

उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन नंबर एवं पासवर्ड/जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके कॉल लेटर ऑनलाइन परीक्षा या साक्षात्कार (साक्षात्कार के लिए चयनित होने पर) और एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका डाउनलोड करें। कॉल लेटर/एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका की कोई भी हार्ड कॉपी हाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी।

**छ. परीक्षा के समय पहचान-पत्र की प्रस्तुत करनी होगी:**

उम्मीदवार अपने साथ एक फोटो पहचान प्रमाण जैसे पासपोर्ट/आधार/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/ मतदाता कार्ड/ विधिवत साक्ष्यांकित फोटो वाली बैंक पासबुक/स्कूल या कॉलेज/राजपत्रित अधिकारी द्वारा आधिकारिक लेटरहेड पर जारी फोटो पहचान पत्र और उसकी स्वयं साक्ष्यांकित फोटोकापी भी लेकर आएं। पहचान-प्रमाण की फोटो कॉपी कॉल लेटर के साथ परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षक को देनी होगी। ऐसा न करने पर उम्मीदवार की पहचान पर संदेह होने पर उस उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुति नहीं दी जाएगी।

**ज. बायोट्रिक सत्यापनः**

बैंक विभिन्न स्तरों पर उम्मीदवारों के अंगूठे के निशान डिजिटल प्रारूप मे ले सकता है, ताकि उम्मीदवार की प्रामाणिकता सत्यापित हो सके। किसी उम्मीदवार के नकली होने की बात सामने आने पर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ उसकी उम्मीदवारी को भी रद्द कर दिया जाएगा। अतः आवेदक को सलाह दी जाती है कि वे अपने हाथ पर बाह्य पदार्थ जैसे मेहंदी, स्याही, कोई रसायन इत्यादि न लगाए।

उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि विभिन्न स्तरों पर सही अंगूठे के निशान संकलित हो, किसी भी प्रकार की असंगति पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा।

**झ. कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाइ:**

**क.** उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें/संलग्न न करें जा असत्य, जाली/बनावटी हो या आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ।

**ख.** यदि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय कोई उम्मीदवार निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता है:

(i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या

(ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना या

(iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या

(iv) उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या

(v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना, तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही तो होगी ही। साथ ही:

- जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा।
- भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा।

**ग.** बैंक उम्मीदवार के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूँढ़ने के लिए विश्लेषण करता है। इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया गया कि जवाब एक जैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ/वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारिता रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

**घ.** उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, पेजर, कैलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है।

i. जहां परीक्षा आयोजित की गयी है, उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुति नहीं है। इन सूचनाओं का पालन न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ-साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

ii. उम्मीदवारों को उनके हित में यह सूचना दी जाती है कि वे मोबाइल फोन/पेजर्स जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता।

iii. उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है।

**ञ. आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थियों का मान्य ईमेल आईडी हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए। इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी।

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशा-निर्देश:**

i. अभ्यर्थी एसबीआई की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें।

ii. अभ्यर्थी पहले तो अपने हाल के फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें। ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि अभ्यर्थी अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार ('आवेदन कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती।

iii. अभ्यर्थी को 'आवेदन फॉर्म' सावधानीपूर्वक भरना चाहिए और इसे पूरी तरह से भरने के बाद जमा करना चाहिए। यदि कोई अभ्यर्थी एक बार में आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह आंशिक रूप से भरे हुए फॉर्म को सेव कर सकता है। ऐसा करने पर, सिस्टम द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड जनरेट होता है और स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है। **अभ्यर्थी इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रखे लें।** आंशिक रूप से भरे और सेव किए गए आवेदन फॉर्म को पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके फिर से खोला जा सकता है, जिसके बाद आवश्यकतानुसार विवरण संपादित किए जा सकते हैं। सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक करने के लिए ही होगी। आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब अभ्यर्थी को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें।

iv. ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों का प्रिन्ट आउट ले लें।

**शुल्क के भुगतान के लिए दिशा-निर्देश:**

i. सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क (अप्रतिदेय) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र)। **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग व्यक्ति/भूतपूर्व सैनिक के अभ्यर्थियों के लिए कोई शुल्क/सूचना शुल्क नही है।**

ii. शुल्क का भुगतान उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा।

iii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के साथ समेकित रूप से भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है। ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह अभ्यर्थियों को ही वहन करना होगा।

iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई-रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर अभ्यर्थी अपने पास रख ले।

v. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें।

vi. शुल्क विवरणों सहित ई-रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है।

vii. भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस **नहीं** लौटाया जाएगा, **न** ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा।

**त. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:**

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. संक्षिप्त रेस्यूम (पीडीएफ)

ii. आईडी प्रमाण (पीडीएफ)

iii. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)

iv. शैक्षणिक योग्यता: संगत अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

v. अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

vi. पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र, यदि लागू हो (पीडीएफ)

vii. (फॉर्म-16) आईटी रिटर्न 31.03.2019 को (पीडीएफ)

viii. हाल ही का फोटोग्राफ

ix. हस्ताक्षर

**स. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज:**

i. पासपोर्ट आकार की हाल में खिंची हुई रंगीन फोटो।

ii. फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी के बीच का और आयाम 200X230 पिक्सल तक होना चाहिए।

iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो।

iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें।

v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई भारी छाया न पड़े।

vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड-आई नहीं है।

vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं।

viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है। धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए।

ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है। फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें।

**ब. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पैन से हस्ताक्षर करें।

ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति।

iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां आपके हस्ताक्षर का प्रयोग किया जाएगा।

iv. यदि परीक्षा के समय उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर कॉल लेटर के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा/जाएगी।

v. फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच का हो और आयाम 140X60 पिक्सल (अधिमानतः) हो।

vi. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है।

vii. अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे।

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी प्रलेख पीडीएफ प्रारूप में होने चाहिए।

ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो।

iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो।

iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है। फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें। यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं।

**य. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:**

i. स्कैनर के रिजोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें।

ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें।

iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें।

iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)।

v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है।

vi. जो अभ्यर्थी एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फॉर्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमशः 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होंगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा। स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट से जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा। इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम कराया जा सकता है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं।

vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय अभ्यर्थी को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके।

**र. प्रलेख अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. हर प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए गए हैं।

ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें।

iii. ब्राउज करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, या पीडीएफ फाइल को सेव किया गया है।

iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें।

v. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें। यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा।

vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे।

vii. **ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद अभ्यर्थी जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं।** फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. **फोटो से चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा।**

**थ. सामान्य जानकारी:**

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्तवर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और कि उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है।

ii. भर्ती की किसी भी अवस्था में यदि ऐसा पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा। इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्ति की जा सकती है।

iii. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन उचित रूप से तथा पूरी तरह से भरा हुआ हो।

iv. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि वह बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त हो। यह नियुक्ति बैंक में इस पद हेतु बैंक में कार्यभार संभालते समय जो भी सेवा और आचरण नियम लागू होंगे उनके अध्यधीन होगी।

v. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई–मेल को सक्रिय रखें।

vi. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

vii. जो अभ्यर्थी सरकार/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से लेकर अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा।

viii. चयन की दशा में, अभ्यर्थी से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें।

ix. अ.जा/अ.ज.जा उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति–प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

x. अ.पि.व. श्रेणी में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में घोषणापत्र देना होगा कि वह दिनांक 31.03.2019 को क्रीमी लेयर में समाविष्ट नहीं था। 'नॉन क्रीमी लेयर' उल्लिखित अपिव प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें दि. 01.04.2019 से साक्षात्कार की तिथि तक जारी किया हुआ प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए।

xi. अभ्यर्थियों को उन्हीं के हित के लिए यह सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर हैवी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए। यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि अभ्यर्थी अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।

xii. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य. परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होंगे। इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र–व्यवहार किया जाएगा।

xiii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है।

xiv. एकाधिक आवेदन के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा। एक ही पद के लिए अभ्यर्थी के अलग–अलग तरह से प्रस्तुत होने पर उसे तुरंत ही अस्वीकार कर दिया जाएगा/ उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा।

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाहियां मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं। किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व अनन्य अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा।

xvi. अभ्यर्थियों को अपनी लागत पर ऑनलाइन परीक्षा के लिए उपस्थित रहना होगा।

xvii. बाहर से आए हुए उम्मीदवारों, जिन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, को वास्तविक यात्रा के आधार पर भारत में सबसे छोटे मार्ग के लिए रेलवे एसी थ्री टियर (एक्सप्रेस/मेल) द्वारा यात्रा किराया अथवा वास्तविक यात्रा किराया (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी। स्थानीय परिवहन व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी। उम्मीदवार को पद के लिए अयोग्य पाये जाने पर उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी और किसी प्रकार के किराये की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी।

xviii. साक्षात्कार के समय, अभ्यर्थी को उसके विरुध्द लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ–साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है। बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने को अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

xix. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे।

किसी पूछताछ के लिए, कृपया हमसे **crpd@sbi.co.in** पर लिखें। कृपया ईमेल विषय में विज्ञापन संख्या और पद का नाम का उल्लेख करना सुनिश्चित करें।

**मुंबई**
**दिनांक:** 23.01.2020

**महाप्रबंधक**
**(सीआरपीडी)**

**प्रिंटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा।**

**किसी भी विवाद की स्थिति मे अंग्रेजी मे ज़ारी का विस्तृत विज्ञापन की शर्तें मान्य होंगी।**